आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.09.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

पौष्टिक आहार

राज्य सरकार ने नर्सरी से 8वीं कक्षा तक के सभी विद्यार्थियों को सप्ताह में दो बार अतिरिक्त पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाने को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि इन बच्चों को मिड डे मील के साथ प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को उनकी या उनके अभिभावकों की पसंद के अनुसार उबला हुआ अंडा या ताजे फल उपलब्ध करवाए जाएंगे। बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा व स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस पहल की सफलता के लिए प्रभावी निगरानी, सामुदायिक सहभागिता और खाद्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जाएगा।

मुकेश अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि राज्य सरकार लोगों के साथ किए गए हर वायदे को चरणबद्ध ढंग से पूरा कर रही है और प्रदेशहित से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुखता से उठाया जा रहा है। उन्होंने आज सिरमौर ज़िले में रेणुका क्षेत्र के माईना में एक कार्यक्रम में बताया कि राज्य सरकार ने प्रदेश में कर्मचारियों को पुरानी पैंशन योजना बहाल करने का वायदा पूरा किया है। अग्निहोत्री ने बताया कि राज्य परिवहन निगम के लगभग 11 हज़ार कर्मचारियों को भी पुरानी पैंशन योजना के दायरे में लाया गया है। उन्होंने कहा कि किशाऊ बांध परियोजना को लेकर राज्य सरकार के प्रयासों को सफलता मिली है और बी.बी.एम.बी. करार मामले में भी प्रदेश के हितों की लड़ाई सुप्रीम कोर्ट में लड़ी जा रही है। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल और प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सहित अनेक मंत्री भी मौजूद रहे।

धनीराम शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने अधिकारियों को सभी विकास कार्य तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज शिमला में 20 सूत्रीय कार्यक्रम और ज़िला योजना विकास समिति की एक बैठक में विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। शांडिल ने कहा कि लोगों की शिकायते सुनने और विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर इस तरह की बैठकें महत्वपूर्ण है और आज सड़क, बिजली और पानी सहित अन्य विभागों के मुद्दे प्रमुखता से उठे।

आयुर्वेद दिवस

केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा है कि आयुर्वेद जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम और संतुलित आहार, योग और प्रकृति के साथ सामंजस्य के माध्यम से स्वास्थ्य बनाए रखने का एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करता है। नागपुर में आज 11वें आयुर्वेद दिवस के राष्ट्रीय समारोह को संबोधित करते हुए जाधव ने कहा कि इस वर्ष के आयुर्वेद दिवस का विषय एक स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद है। आयुर्वेद से जुड़ी जीवनशैली के महत्व पर जोर देते हुए प्रतापराव जाधव ने कहा कि स्वास्थ्य देखभाल का पहला केंद्र घर है और स्वास्थ्य की पहली नींव केवल दवाओं से नहीं बल्कि एक स्वस्थ जीवनशैली है।

## यादविंद्र गोमा

आज राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस है। इस मौके पर आज शिमला में एक राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने आयुर्वेद पर तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारम्भ भी किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आयुर्वेद को बढ़ावा दे रही है और सरकार के प्रयासों से पिछले कुछ वर्षों से आयुर्वेद की ओर लोगों का रूझान बढ़ा है। गोमा ने बताया कि राज्य सरकार ने ज़िला स्तर पर पंचकर्म वेलनेस केंद्र स्थापित किए हैं।

## सोलन आयुष

सेवा ही संकल्प अभियान के तहत आयुर्वेद दिवस पर भाजपा द्वारा आज सोलन में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर मरीजों की आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के माध्यम से जांच की गई और उन्हें निशुल्क दवाईयां बांटी गई। भाजपा समस्त प्रकोष्ठ संयोजक पुरूषोत्तम गुलेरिया ने बताया कि सेवा ही संकल्प अभियान के तहत पार्टी द्वारा सेवा से जुड़े विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं।

## वामन द्वादशी

वामन द्वादशी के मौके पर आज नाहन में शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर सारा शहर भगवान वामन के जयकारों से गूंज उठा। शोभा यात्रा में शहर के प्रमुख नौ मंदिरों से देव पालकियां पहुंची। नाहन के तहसीलदार उपेन्द्र तोमर ने बताया कि सदियों से वामन द्वादशी पर शहर में शोभा यात्रा निकाली जाती है।

———————————————